# जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन योजना अंतर्गत रिक्त पदों पर संविदा आधारित नियोजन

हेतु विज्ञापन

समाहरणालय शिवहर

## जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन (DHEW)

विज्ञापन संख्या–05/2024

प्रबंध निदेशक, महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार पटना के पत्रांक–WCDC/2092/23 दिनांक–27.09.2023 एवं WCDC/2080/23 दिनांक–22.09.2023 के आलोक में जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन,( DHEW) शिवहर के संचालन हेतु संविदा आधारित रिक्त पदों पर सुयोग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किये जाते है:–

| क्र0 सं0 | पद का नाम | पदों की संख्या तथा कोटि | उम्र सीमा | योग्यता/अहर्ता | मूल मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वित्तीय साक्षरता में विशेषज्ञ | 1 (अनारक्षित) | कोटिवार अनुमान्य आयु/उम्र के अनुसार | शैक्षणिक योग्यता :– अर्थशास्त्र/वाणिज्य में स्नातकोत्तर<br>अनुभवः– वित्तीय साक्षरता/वित्तीय समावेशन केन्द्रित विषयों में सरकारी/गैरसरकारी संगठन के साथ कम से कम 3 वर्ष का अनुभव | 21,000 |
| 2 | लेखा सहायक | 1 (अनारक्षित) | | शैक्षणिक योग्यताः–वाणिज्य में स्नातक–बी0कॉम0<br>अनुभवः– संबंधित क्षेत्र में सरकारी/गैरसरकारी संगठन के साथ कम से कम 3 वर्ष का कार्य अनुभव | 16,000 |
| 3 | डेटा इन्ट्री ऑपरेटर | 1 (अनारक्षित) | | शैक्षणिक योग्यता :– कम्प्यूटर/आई0टी0 में स्नातक<br>अनुभवः– डेटा प्रबंधन, प्रक्रिया दस्तावेजीकरण और वेब–आधारित रिपोटिंग प्रारूप आदि मे सरकारी/गैरसरकारी/आई0टी0 आधारित संगठनों के साथ 3 वर्ष का अनुभव | 13,500 |
| 4 | एम0टी0एस0 | 1 (अनारक्षित) | | शैक्षणिक योग्यताः– किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10+2 प्रणाली के तहत 10 वीं कक्षा उत्तीर्ण। | 12,000 |

1. अभ्यर्थी भारत के नागरिक होगें।
2. नियोजन में सामान्य प्रशासन विभाग के द्वारा लागू आरक्षण का प्रावधान प्रभावी होगा।
3. आरक्षण का लाभ केवल उन्ही आवेदको को मिलेगा जिनके पास बिहार का अधिवास है।
4. उम्र सीमाः– संविदा पर नियोजन हेतु उम्र सीमा विज्ञापन प्रकाशन की तिथि को निम्नवत् होगी।

   अनारक्षित वर्ग (पुरूष)– 18 से 37 वर्ष

   पिछड़ा वर्ग/अत्यंत पिछड़ा वर्ग (पुरूष एवं महिला)– 18 से 40 वर्ष

   अनारक्षित वर्ग (महिला)– 18 से 40 वर्ष

   अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (पुरूष एवं महिला)– 18 से 42 वर्ष
5. अनुभव की अवधि की गणना एवं उम्र की गणना प्रायोजन के लिए संदर्भ विज्ञापन की तिथि मान्य होगी।
6. कर्मियो को नियमानुसार मूल मानदेय के अतिरिक्त EPF तथा ESIC देय होगी।

Scanned with CamScanner

7. संविदा के आधार पर यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी, जो विना किसी पूर्व सूचना के या 15 दिनो के नोटिस पर समाप्त की जा सकती है। इस संबंध में नियमित नियुक्ति का कोई दावा मान्य नहीं होगा। इस प्रकार नियोजित व्यक्ति का नियोजन के पश्चात् सेवा में नियमितीकरण को कोई दावा मान्य नहीं होगा। नियोजित व्यक्ति न तो सरकारी सेवक माने जायेंगे, न सरकारी सेवको के अनुमान्य किसी सुविधा के हकदार होंगे। उनका नियोजन जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ विमेन के अधीन होगा।

8. विभिन्न पदों पर नियोजन उम्मीदवार की वांछित शैक्षणिक योग्यता, कार्य अनुभव एवं अंतर्वीक्षा के आधार पर अंतिम मेधा सूची प्रकाशित होगी।

9. प्रशासनिक पद हेतु यदि अभ्यर्थी कंप्यूटर पर कार्य करने का ज्ञान रखता है तो उसे प्राथमिकता दी जाएगी।

10. कार्य अनुभव में सरकारी विभाग/संस्थान/कार्यालय मे कार्यानुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी।

11. सरकारी /अर्ध-सरकारी अथवा गैर-सरकारी विभाग/संस्थान/कार्यालय मे कार्यानुभव की स्थिति मे नियुक्ति प्राधिकार द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण पत्र ही मान्य होगा।

12. चयन प्रक्रिया, निर्धारित योग्यता रखने वाले उम्मीदवारो में मेधा सूची के अनुसार साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जायेगा। साक्षात्कार में भाग लेने हेतु सूचना संबंधित अभ्यर्थी को उनके आवेदन में उल्लेखित E.mail ID एवं जिला के https://sheohar.nic.in वेवसाइट पर दी जाएगी। जिला पदाधिकारी कार्यालय द्वारा किसी भी अभ्यर्थी से डाक द्वारा किसी भी तरह का पत्राचार नहीं किया जायेगा।

13. मानदेय के आधार पर नियोजित कर्मी न तो सरकारी सेवक माने जायेंगे और न ही सरकारी सेवकों के अनुमान्य किसी सुविधा के हकदार माने जायेंगे। मानदेय के आधार पर नियोजित कर्मियों द्वारा सेवा के नियमितीकरण का कोई दावा मान्य नही होगा।

14. विज्ञापन एव सेवा शर्तो से संबंधित सभी अधिकार, जिला पदाधिकारी, शिवहर के अधीन है। जिला पदाधिकारी, शिवहर विज्ञापन को संशोधित/रद्द करने के लिए सर्वाधिकार धारित करते है।

15. इच्छुक अभ्यर्थी आवेदित पद का उल्लेख करते हुए विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से दिनांक-30.08.2024 तक अपना आवेदन विहित प्रपत्र मे शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव संबंधी प्रमाण पत्र/ अंक प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ संलग्न करते हुए जिला प्रोग्राम कार्यालय शिवहर के **Email ID-recruitmentwcdcsheohar@gmail.com** पर कार्यालय अवधि में 5:00 वजे अपराह्न तक समर्पित करेंगे। प्रमाण पत्र संलग्न नहीं होने के स्थिती में आवेदन को प्रथम दृष्ट्या निरस्त कर दिया जाएगा। उपरोक्त समय सीमा के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जाऐंगे।

16. एक से अधिक पदों के लिए अलग-अलग आवेदन मान्य होगा।

17. भरे हुए आवेदन का प्रिंट आउट अभ्यर्थी अपने पास सुरक्षित रखेंगे।

18. अभ्यर्थी, विज्ञापन से संबंधित अपडेट अन्य घोषणाओं हेतु जिला के वेवसाईट https://sheohar.nic.in का अवलोकन करते रहेंगे।

9/8/24

जिला पदाधिकारी
शिवहर।

Scanned with CamScanner

जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन योजना अंतर्गत रिक्त पदों पर संविदा आधारित नियोजन

हेतु विज्ञापन

**समाहरणालय शिवहर**

(जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन)

विज्ञान संख्या–05 / 2024

प्रबंध निदेशक, महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार पटना के पत्रांक– WCDC/2092/23 दिनांक–27.09.2023 एवं WCDC / 2080 / 23 दिनांक–22.09.2023 के आलोक में हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन, (DHEW) शिवहर के संचालन हेतु संविदा आधारित रिक्त पदों पर सुयोग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैः–

| क्र0सं0 | पद का नाम | पदों की संख्या तथा कोटि | उम्र सीमा | मूल मानदेय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वित्तीय साक्षरता में विशेषज्ञ | 1 (अनारक्षित) | कोटिवार अनुमान्य आयु / उम्र के अनुसार | 21,000 |
| 2 | लेखा सहायक | 1 (अनारक्षित) | | 16,000 |
| 3 | डेटा इन्ट्री ऑपरेटर | 1 (अनारक्षित) | | 13,500 |
| 4 | एम0टी0एस0 | 1 (अनारक्षित) | | 12,000 |

नियोजन हेतु विस्तृत जानकारी तथा आवेदन प्रारूप जिला बेवसाइट– https://sheohar.nic.in से प्राप्त किया जा सकता है। रिक्त पदों के विरूद्ध आवेदन जिला प्रोग्राम कार्यालय शिवहर के **Email ID-recruitmentwcdcsheohar@gmail.com** दिनांक–30.08.2024 तक अपराह्ण 05:00 बजे तक स्वीकार किया जायेगा।

9/8

जिला पदाधिकारी

शिवहर।

Scanned with CamScanner